BSES
BSES Yamuna Power Limited
a joint venture with GONCTD

संवाद

www.facebook.com/bsesdelhi https://twitter.com/BSESDELHI

20 YEARS POWERING DELHI EMPOWERING CONSUMERS

जुलाई - 2022

धन्यवाद!

प्रिय ग्राहक,

1 जुलाई, 2022 को, 'दिल्ली को रौशन करने और उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने' वाली बीवाईपीएल की 20वीं वर्षगांठ है। संयोग से यह अवसर, भारत की आजादी के 75वें साल में आ रहा है। इन पिछले दो दशकों में बीवाईपीएल एक आधुनिक बिजली वितरण कंपनी के तौर पर उभरी है और पूर्वी व मध्य दिल्ली के 65 लाख से अधिक उपभोक्ताओं को विश्वसनीय और निर्बाध बिजली आपूर्ति उपलब्ध करा रही है।

बीवाईपीएल ने अपने लॉसेज में उल्लेखनीय कमी की है, जिसने इसे दुनिया के बड़े डिस्कॉम्स की कतार में ला खड़ा किया है। अपने पावर पोर्टफोलियो में हम हरित ऊर्जा को खास अहमियत दे रहे हैं। उम्मीद है कि जल्द ही हम देश के सबसे हरित डिस्कॉम्स में शामिल हो जाएंगे। टिकाऊ विकास को समर्पित बीवाईपीएल दिल्ली में सोलर रूफटॉप और ईवी क्रांति को बढ़ावा देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

बीवाईपीएल ने बड़े पैमाने पर अपनी सेवाओं को डिजिटल कर दिया है। आज की तारीख में एक उपभोक्ता घर बैठे बीवाईपीएल की सेवाओं का लाभ उठा सकता है और वॉट्सऐप, बीवाईपीएल मोबाइल ऐप, बीएसईएस वेबसाइट, चैट बॉट, ई वॉलेट्स, नेट बैंकिंग, क्रेडिट/डेबिट कार्ड और यूपीआई माध्यमों से अपने बिजली बिल का भुगतान कर सकता है। अब उपभोक्ताओं को बीवाईपीएल ऑफिस में विजिट करने की जरूरत नहीं है।

आपके सहयेग और समर्थन के बिना हम यह सफर तय नहीं कर पाते। इसके लिए आपको बहुत-बहुत धन्यवाद! आपके निरंतर सहयोग से, हम अपनी सेवाओं में और भी सुधार करते रहेंगे।

सादर,
टीम बीवाईपीएल

हमारा मोबाइल ऐप अब और भी पावरफुल!

अब यह है "बीवाईपीएल कनेक्ट"

नए व शानदार फीचर्स तथा आसान नेविगेशन की ताकत का अनुभव करें!

स्कैन कर आसानी से डाउनलोड करें

GET IT ON Google Play | Download on the App Store



अलर्ट रहें

बिजली डिस्कनेक्शन, बिल भुगतान आदि से संबंधित धोखाधड़ी वाले कॉल व मैसेज से सावधान रहें। एसएमएस/ ईमेल पर प्राप्त हुए किसी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें और न ही किसी संदेहास्पद फोन नंबर पर कॉल करें। अलर्ट रहें और सिर्फ प्रामाणिक प्लेटफॉर्मों जैसे कि बीएसईएस वॉट्सऐप, बीएसईएस वेबसाइट, मोबाइल ऐप, ई-वॉलेट्स, आदि से ही अपने बीवाईपीएल बिल का भुगतान करें।

- "Hi" टाइप कर 8745999808 पर भेजें
- बीवाईपीएल कनेक्ट
- www.bsesdelhi.com
- पेटीएम, फोनपे, गूगल पे, अमेज़ॉन पे
- बिल पर प्रिंटेड
- ई बिल पर प्रिंटेड
- एसएमएस लिंक

*नेट बैंकिंग (आईएमपीएस/एनईएफटी/आरटीजीएस), बीबीपीएस, यूपीआई क्यू आर कोड और क्रेडिट/डेबिट काड्‌र्स के माध्यम से भुगतान किया जा सकता है।

बारिश के दिनों में निम्नलिखित टिप्स अपनाएं, सुरक्षित रहें

मॉनसून एक बार फिर दस्तक दे रहा है। उमंग और उल्लास के साथ-साथ मॉनसून अपने साथ कुछ समस्याएं भी लाता है और इस सीजन में वॉटर लॉगिंग के कारण बिजली से संबंधित दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। लेकिन, कुछ सावधानियां बरतकर आप खुद को और अपने प्रियजनों को सुरक्षित रख सकते हैं और इस तरह, दुर्घटना-मुक्त मॉनसूस को सुनिश्चित किया जा सकता है।

- बिजली के पोल, सब-स्टेशन, टांसफॉर्मर, स्ट्रीट लाइट समेत बिजली के सभी उपकरणों से दूर रहें
- बच्चों को जागरूक करें कि वे बिजली उपकरणों/ इंस्टलेशंस के पास न खेलें, अगर इन चीजों को बेरिकेड किया गया हो, तो भी
- घर के अंदर या कहीं भी, बिजली से चलने वाले सामान/उपकरणों को गीले हाथों से न छुएं
- अपने घर पर एक टेस्टर रखें। यदि कोई स्विच या आपके घर की दीवार गीली हो, तो इसे न छुएं। पहले टेस्टर से चेक कर लें कि कहीं उनमें करंट तो नहीं आ रहा है। जरूरत हो, तो अपने इलेक्ट्रिशियन को कॉल करें।
- झटके और दुर्घटना से बचने के लिए अर्थ लीकेज सार्किट ब्रेकर (ईएलसीबी) लगवाएँ।

फीडबैक

अपने फीडबैक व सुझाव भेजें: कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस, बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड,
पंजीकृत कार्यालयः शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली-110032
सीआईएनः CIN:U40109DL2001PLC111525, फोनः 11-4124-7111/4124-9273
ईमेलः bypl.feedback@relianceada.com, वेबसाइटः www.bsesdelhi.com

मोबाइल ऐप, टोल फ्री और हेल्पलाइन नंबरों जैसे सुविधाजनक माध्यमों से बिजली गुल की शिकायत दर्ज कराएं

App Store | Available on the Android Market

टॉल फ्री 24x7
19122

एसएमएस
5616108

बिजली चोरी संबंधी
8588892156

बिजली गुल की शिकायत
8745999808

स्ट्रीटलाइट
41999808

बीवाईपीएल, शक्ति किरण बिल्डिंग, कड़कड़डूमा, दिल्ली - 110032 के लिए फ्रेंड्स कलर इमेजेस प्राइवेट लिमिटेड, 148, सेक्टर 4, आईएमटी मानेसर, गुड़गांव, हरियाणा - 122050 द्वारा मुद्रित